# सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान के निकट अवैध निर्माण

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में वन और वन्यजीव के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ACS) ने ज़िला प्रशासन को सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान के निकट **अवैध निर्माण** और उनकी वर्तमान स्थिति के संबंध में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF & CC) को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## मुख्य बिंदु

- **अवैध निर्माण की निगरानी हेतु समिति:**
  - मार्च 2024 में **राष्ट्रीय उद्यान के** आसपास के प्रतिबंधित क्षेत्र **में अवैध निर्माण गतिविधियों की निगरानी के लिये एक समिति का गठन किया गया था।**
  - जाँच में पाया गया कि सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान के निकट फरुखनगर क्षेत्र में कई अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं।
  - संवेदनशील क्षेत्रों (Sensitive Zones) के भीतर निर्माण गतिविधियाँ **पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्रों** के लिये क्षेत्रीय मास्टर प्लान के प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं।
- **विनियमों का अनुपालन:**
  - अधिकारियों को राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के क्षेत्रों में **संरचनात्मक निर्माण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।**
  - इन नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिये।

## सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान

- **परिचय:**
  - सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान पक्षी प्रेमियों के लिये एक स्वर्ग है। यह **प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के लिये प्रसिद्ध है।**
    - प्रवासी पक्षी सितंबर में पार्क में आना शुरू हो जाते हैं। पक्षी मार्च-अप्रैल तक पार्क को आरामगाह के रूप में उपयोग करते हैं।
    - ग्रीष्म **और** मानसून के महीनों के दौरान पार्क में कई स्थानीय पक्षी प्रजातियाँ निवास करती हैं।
  - अप्रैल 1971 में, पार्क के अंदर सुल्तानपुर झील (1.21 वर्ग किमी. का क्षेत्र) को **पंजाब वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1959** की धारा 8 के तहत अभयारण्य का **दर्जा दिया गया था।**
  - जुलाई 1991 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत पार्क का दर्जा बढ़ाकर राष्ट्रीय उद्यान कर दिया गया।
- **स्थान:**
  - यह पार्क हरियाणा के गुड़गाँव ज़िले में स्थित है। दिल्ली से इसकी दूरी लगभग 50 किलोमीटर और गुड़गाँव से 15 किलोमीटर है।
- **पार्क में महत्त्वपूर्ण जीव:**
  - **स्तनधारी:** काला हिरण, **नीलगाय,** हॉग हिरण, सांभर, तेंदुआ आदि।
  - **पक्षी:** साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो, डेमोइसेल क्रेन आदि।